


नव भारत
राष्ट्र हित का प्रहरी १९३४ से



# 12 बिंदुओं पर बनी सहमति

## पीएम नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के पीम कीर स्टारमर के बीच वार्ता

**नई दिल्ली 09 अक्टूबर. भारत और ब्रिटेन के बीच गुरुवार को हुई उच्चस्तरीय वार्ता में प्रौद्योगिकी एवं नवाचार, शिक्षा, व्यापार एवं निवेश, जलवायु, स्वास्थ्य और अनुसंधान के क्षेत्रों में 12 नई पहल और समझौतों की शुरुआत हुई. दोनों देशों ने इन समझौतों के माध्यम से द्विपक्षीय सहयोग को और गहराई देने तथा साझा विकास के अवसरों को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया.**



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए एक मजबूत और स्थायी साझेदारी के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने मुंबई में व्यापक वार्ता की. दोनों पक्षों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के नए अवसरों की पहचान की. चर्चा में भारत-ब्रिटेन संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा हुई, जिसमें व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए), निवेश, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार, हरित ऊर्जा और जलवायु कार्रवाई, रक्षा और सुरक्षा तथा लोगों के बीच संबंध शामिल थे.

### वार्ता के मुख्य बिंदु

- पीएम मोदी ने कहा: ब्रिटेन खालिस्तानियों पर एक्शन ले, कट्टरपंथ को लोकतंत्र में जगह नहीं मिले.
- ब्रिटेन के वित्तीय सेवाओं का अनुभव और भारत का डिजिटल प्लेटफॉर्म मिलकर पूरे मानवता के लिए फायदेमंद हो सकते हैं.
- भारत और ब्रिटेन ने क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिज) पर सहयोग के लिए एक सप्लाई चेन ऑब्जर्वेटरी स्थापित करेंगे.
- सीईटीए समझौता युवाओं के लिए रोजगार लाएगा.


# पूरे देश में एसआईआर जल्द

- सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग ने अपने हलफनामा में कहा
- आधार कार्ड सिर्फ पहचान का प्रमाण पत्र

**नई दिल्ली 09 अक्टूबर. सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर पर सुनवाई से पहले चुनाव आयोग ने अदालत में हलफनामा दिया है. आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल करके कहा कि बिहार के बाद पूरे देश में एसआईआर जल्द शुरू होगा।**

देश भर में एसआईआर कराने के लिए चुनाव आयोग के पास संवैधानिक अधिकार हैं. मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है. सुप्रीम कोर्ट में दिए गए हलफनामे में चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार हो या बाकी का पूरा देश आधार कार्ड सिर्फ पहचान का प्रमाण है. यह नागरिकता का नहीं प्रमाण पत्र नहीं हो सकता। सिर्फ देश के नागरिकों को ही वोट देने का अधिकार है.

पीठ चुनावी राज्य बिहार में एसआईआर कराने के निर्वाचन आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी.




ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर भारत दौरे पर, प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात!

# किसी भी दोषी को सरकार नहीं छोड़ेगी

- तमिलनाडु की दवा कंपनी के जिम्मेदार लोगों को दबोचा
- बच्चों से मिलने के बाद सीएम ने पत्रकारों से कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 9 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रतिबंधित कफ सिरप का उपयोग किए जाने के मामले से संबंधित किसी भी दोषी को मध्यप्रदेश सरकार नहीं छोड़ेगी. अभी तमिलनाडु की दवा कंपनी के जिम्मेदार लोगों को दबोचा गया है और उनकी गिरफ्तारी हुई है. मप्र सरकार मानवीय और प्रशासनिक दोनों आधार पर कार्रवाई जारी रखेगी.**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को नागपुर के विभिन्न अस्पताल में उपचाररत बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने और परिजन से चर्चा करने के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तमिलनाडु में निर्मित दवा के उपयोग से ही बच्चों की मृत्यु की बात प्रमाणित हुई है. मध्यप्रदेश पुलिस ने दोषी लोगों की गिरफ्तारी की है. दुर्भाग्य की बात है कि तमिलनाडु सरकार की तरफ से अपेक्षित सहयोग प्राप्त नहीं हो रहा है. तमिलनाडु के ड्रग कंट्रोलर को दवा कंपनी की नियमानुसार जांच करना चाहिए.

(शेष पेज 2 पर)

### जहरीला कफ सिरप बनाने वाली कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मा के डायरेक्टर गोविंदन रंगनाथन को एसआईटी ने चैन्नई में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है. एसआईटी ने कंपनी से महत्वपूर्ण दस्तावेज, दवाओं के नमूने और प्रोडक्शन रिकॉर्ड भी जब्त किए हैं.

### इलाज के दौरान दो मासूमों ने और तोड़ा दम

**छिंदवाड़ा/परासिया।** जहरीले कफ सिरप के सेवन से दो मासूमों ने नागपुर के अस्पताल में दम तोड़ दिया। ग्राम पंचायत खजरी अंतू के ग्राम पचधार निवासी नीलेश सूर्यवंशी का पुत्र मयंक उम्र 5 वर्ष का इलाज मेडिकल कॉलेज नागपुर में चल था। मयंक ने आखिरकार बुधवार की रात आखरी सांस ली। गुरुवार को शाम मोरडोंगरी का गर्वित पवार भी जिंदगी की जंग हार गया। दो बच्चों की मौत होने के बाद अब मौतों का आंकड़ा 21 पहुंच गया है।


# पाकिस्तान फिर बेनकाब




**नई दिल्ली 09 अक्टूबर.** दुनिया के सबसे बड़े मंच पर सांसद पीपी चौधरी ने वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान की हकीकत से रूबरू करवाया. संयुक्त राष्ट्र महासभा में सांसद चौधरी ने जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान की टिप्पणियों को खारिज करते हुए कहा कि यह भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है. उन्होंने चुनावों में धांधली, लोकप्रिय नेताओं को जेल में डालने, अपनी जनता पर बमबारी करने और जन-आंदोलनों के क्रूरतापूर्वक दमन करने के लिए संयुक्त राष्ट्र मंचों के दुरुपयोग के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की.

# सुरक्षा बल रहें मुस्तैद : शाह

**नई दिल्ली 09 अक्टूबर (वार्ता) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की.**



उन्होंने जम्मू-कश्मीर में सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहते हुए समन्वित तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि सर्दियों के दौरान आतंकवादी बर्फबारी का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए सुरक्षा बलों को हर परिस्थिति में पूरी तरह तैयार रहना होगा. बैठक में उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, थल सेनाध्यक्ष, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक सहित अन्य मौजूद थे.




This festive season, light up every road

Avail exciting benefits on the Virtus and the Taigun

Acclaimed 7-speed DSG and 6-speed manual transmission options | Segment-first ventilated electric twin front seats

Exceptional sound with in-built Amplifier and Subwoofer | 6 airbags as standard

GLOBAL NCAP | 4EVER CARE** 4 year Standard Warranty, 4 year Road Side Assistance, 3 Free Services | Exchange through Certified Pre-Owned | Additional Scrappage Benefits*** | Available across GeM, CSD & KPKB | Call 1800 102 0909 | volkswagen.co.in

Images are for representation purpose. The dark shade on the glass is due to the lighting effect. Features and accessories shown may not be part of the standard equipment and are subject to change without prior notice. The actual car colour may vary. ^Total benefits up to ₹ 1 60 000 applicable on Taigun 1.5 TSI GT Plus DSG Sports and on Virtus 1.0 TSI Highline AT, inclusive of all benefits including dealer benefits. ^^Special offer price for Taigun and Virtus, Comfortline inclusive of all benefits and GST revision. Corporate and loyalty benefits cannot be clubbed. 1% cess extra for Kerala. **Labour charges free for service applicable on mileage of 1 000, 7 500 and 15 000 kilometers. ***Additional scrappage benefits up to ₹ 20 000.

**Authorised Dealers: Volkswagen Bhopal:** 9669697970, 8889677731; **Volkswagen Indore:** 9669694949, 0731-4002201, 0731-4002202; **Volkswagen New City Store Indore:** 8889622289, 9669694947; **Volkswagen DWA Extension Ratlam:** 9669694949, 7869917727; **Volkswagen Jabalpur:** 9522669898, 8815108056; **Volkswagen Gwalior:** 8966905703, 8966905701; **Volkswagen Raipur:** 6262000711, 6262000706; **Volkswagen Bhilai:** 9399025387, 9109170895, 7065062323; **Volkwagen Bilaspur :** 9826140071, 9109170896.